अमर उजाला 10-10-2023

स्वावलंबी योजनाओं से कराया अवगत

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में एमएसएमई पर करवाया सेमिनार

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में डॉ. रोहित दत्त के निर्देशन और डॉ. रवनीत कौर के नेतृत्व में व्याख्यान करवाया गया। व्याख्यान का विषय एमएसएमई हरियाणा स्कीम्स रही। इसमें मुख्य वक्ता मयूर मंचाल जिला व्याख्यान औद्योगिकीकरण ने विद्यार्थियों के साथ विचार साझा किए।

कार्यक्रम का आयोजन प्रबंधन विभाग द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. राकेश कुमार के संयोजन में किया गया। प्राचार्य ने कहा कि वर्तमान समय में इस प्रकार की व्याख्यान की विद्यार्थियों के लिए परम आवश्यकता है, क्योंकि बिना कुशलता और दक्षता के विकास व स्थिरता संभव नहीं है। इस अवसर पर मयूर ने सरकार की अनेक स्वावलंबी योजनाओं से अवगत कराया। डॉ. अमीता व डॉ. नीलम भी मौजूद रहे।

छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में लेक्चर में भाग लेते विद्यार्थी। संवाद

फिजिकल और मेंटल हेल्थ एक ही सिक्के के दो पहलू : डॉ रोहित दत्त :

अंबाला। छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में मेंटल हेल्थ पर मनोविज्ञान विभाग और साइकोलॉजिकल

मेंटल हेल्थ पर साइकोलॉजिकल काउंसलिंग सेंटर ने किया अवेयरनेस लेक्चर का आयोजन

काउंसलिंग सेंटर ने अवेयरनेस लेक्चर का आयोजन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि युवाओं की बदलती लाइफ स्टाइल के साथ तनाव के कारण बढ़ते जा रहे हैं।

आज के समय में मेंटल हेल्थ से जुड़ी समस्याएं जैसे तनाव आदि काफी बढ़ गई हैं। बच्चों समेत बहुत से बुजुर्ग भी मेंटल हेल्थ से जुड़ी समस्याओं से पीड़ित हैं। साइकोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनुपमा सिहाग ने बताया कि कोरोना महामारी के बाद से तो मानसिक रोगों से जूझ रहे लोगों की संख्या बहुत तेजी से बढ़ी है और बच्चे भी इससे अछूते नहीं हैं।

उन्होंने बताया कि बच्चों की मोबाइल से बढ़ती नजदीकी को स्वास्थ्य विशेषज्ञ काफी गंभीर मानते हैं। लोगों में मोबाइल फोन की बढ़ती आदत कई प्रकार की शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं को बढ़ाती जा रही है।